आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का प्रचार अभियान आज शाम समाप्त हो गया। इस चरण में प्रदेश की शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच संसदीय सीटों पर तेरह मई को चुनाव होगा । चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के झींझक और कानपुर लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाले कानपुर नगर में अलग अलग जनसभाओं को सम्बोधित किया । वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का फर्रुखाबाद में प्रस्तावित रोड शो आज निरस्त हो गया । सपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज कन्नौज जिले में डोर टू डोर प्रचार कर वोट मांगा।

इस बीच, रायबरेली जिले में भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने रायबरेली में चुनाव प्रचार किया ।

उन्होंने जातीय जनगणना की वकालत करते हुए राहुल गांधी को जीताने की अपील की । रायबरेली में पांचवे चरण में बीस मई को चुनाव होगा।

उधर, छठे चरण के चुनाव में शामिल जौनपुर लोकसभा सीट के बदलापुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को सम्बोधित किया । उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में सबका साथ, सबका विकास के कदमों पर देश और प्रदेश का विकास किया गया है।

****

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी तेरह और चौदह मई को बीस घंटे तक वाराणसी में प्रवास करेंगे। वह तेरह मई की शाम को वाराणसी पहुंचेंगे। वह पांच किलोमीटर लंबे रोड शो में शामिल होंगे जिसके जरिये काशी में लघु भारत की तस्वीर दिखाने का प्रयास होगा । चौदह मई को वह दर्शन पूजन करने के बाद कलक्ट्रेट सभागार में नामांकन करेंगे। उनके दौरे और रोड शो को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये जा रहे हैं।

****

लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग अलग जनजागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वाराणसी जिले में छात्राओं ने आज रैली निकाल कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। भदोही जिले में स्वीप के तहत मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्राथमिक पाठशाला महजूदा में बूथ चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी और मुख्य विकास अधिकारी ने इस मौके पर बुजुर्ग मतदाता को सम्मानित किया । प्रयागराज जिले में सैंड आर्टिस्ट अजय गुप्ता और उनकी टीम ने सैंड आर्ट तैयार कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया । एक अन्य कार्यक्रम में मंडलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की मौजूदगी में मतदाता जागरूकता के विशेष अभियान का शुभारंभ किया।

****

बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अरलेकर ने आज अयोध्या पहुंच कर रामलला का दर्शन किया । महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया। दर्शन पूजन के संबंध में सर्किट हाउस में उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रभु राम से उत्तर प्रदेश और बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सुख शांति की कामना की है। राज्यपाल ने कहा कि अयोध्या में काफी बदलाव हुआ है और यह परिवर्तन केवल प्रभु राम की कृपा और सभी के सहयोग के कारण संभव हो पाया है।

****

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय–एनएसडी स्कूली बच्चों के लिए तेईस मई से ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। एनएसडी ने बताया है कि इसमें आठ से सोलह वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। यह कार्यशाला पंद्रह जून तक प्रतिदिन दोपहर साढे तीन बजे से शाम सात बजे तक होगी। इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं। अधिक जानकारी के लिए एनएसडी की वेबसाइट पर संपर्क किया जा सकता है।

****

झांसी जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र स्थित पारीछा थर्मल पावर हाउस के सामने झांसी कानपुर हाइवे पर बीती मध्यरात्रि को एक सड़क दुर्घटना से कार में लगी आग के कारण दुल्हे समेत चार लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गयी। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। कार में दुल्हे समेत कुल छह लोग सवार थे । हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि पावर हाउस पर रात में बारह बजे के करीब जैसे ही कार पहुंची, पीछे से आ रहे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी । इसकी वजह से कार में लगा सीएनजी टैंक फट गया और उसमें आग लग गयी ।

****

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर समेत कई जिलों में आज और कल हल्की वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के साथ साथ पूर्वी और पश्चिमी हवाओं के मिलन के कारण मौसम में यह बदलाव हो रहा है। इस बीच, बरेली, पीलीभीत और मैनपुरी समेत प्रदेश के कई जिलों में आज हल्की से लेकर मद्धम वर्षा हुई।

पीलीभीत जिले के गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम सुहास में खेत में कार्य कर रहे एक किसान पर आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गयी। अयोध्या में आज दोपहर लोगों को धूल भरी आंधी का सामना करना पड़ा।

****